तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 12 अगस्त 2025



12 मिनी माता की 53 वीं पुण्यतिथि मनाकर दी गई श्रद्धांजलि





11 मनमाफिक निजी स्कूल नहीं मिला तो आरटीई..







श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

सोमवार को बेरला भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा 'हर घर तिरंगा- घर-घर तिरंगा' अभियान के तहत एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों, भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और नगरवासियों ने भाग लिया, जिसमें उनका उत्साह और देशभक्ति देखते ही बनती थी। इस कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी आत्मानंद विद्यालय, बेरला में भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर और पूजा-अर्चना के साथ हुई। यात्रा में शामिल लोग नगर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरते हुए देशभक्ति के नारे लगाते रहे। यह यात्रा अंत में बाजार चौक में समाप्त हुई, जहां पूरे जनसमूह में तिरंगे के सम्मान की गूंज सुनाई दे रही थी। उन्होंने सभी से अपने घरों, गलियों और संस्थानों में तिरंगा फहराने की अपील की और इस भव्य यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों, बच्चों और प्रतिभागियों की सराहना की। इस कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, बेरला ग्रामीण मंडल प्रभारी राजेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत सहित कई प्रमुख भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधायक दीपेश मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल



### गलियों और संस्थानों में तिरंगा फहराने की अपील

विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में इस अभियान को भारत माता के सम्मान, वीर जवानों के बलिदान और राष्ट्र की एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 10 अगस्त से 14 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है, ताकि हर नागरिक अपने घर पर तिरंगा फहराकर इस राष्ट्रीय गौरव का हिस्सा बन सके। उन्होंने तिरंगे को देश की पहचान बताते हुए कहा कि यह हमें स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और वीर जवानों के बलिदान की याद दिलाता है।

## खबर संक्षेप

### कोटवार संघ के देवेंद्र सिंह बने जिलाध्यक्ष



**बेमेतरा।** कलेक्टर कार्यालय परिसर स्थित गार्डन में सोमवार बेमेतरा जिला कोटवार संघ की बैठक हुई, जिसमें जिले के लगभग 300 कोटवार शामिल हुए। सर्वसम्मति से देवेंद्र सिंह चौहान को जिलाध्यक्ष, विनोद मानिकपुरी को जिला उपाध्यक्ष, उमा गंधर्व को जिला प्रचार मंत्री और रेखा मानिकपुरी को जिला महामंत्री चुना गया। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में बलौदाबाजार जिला कोटवार संघ अध्यक्ष मोहन मानिकपुरी, धमतरी जिला कोटवार संघ अध्यक्ष सुरेश मानिकपुरी और कानूनी सलाहकार नागरची उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पथरिया तहसील अध्यक्ष गीताराम गंधर्व, सरगांव, लोरमी, तख्तपुर, धमतरी और मुंगेली तहसीलों के अध्यक्षों सहित सैकड़ों कोटवार साथी मौजूद रहे।

### सूखती फसलों को सहारा देगा तांदुला, एक सप्ताह में पानी छोड़ने की तैयारी



**बेमेतरा।** अल्प वर्षा से परेशान किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री सीएस शिवहरे से चर्चा कर तांदूला जलाशय से पानी छोड़ने की मांग की। इस पर विभाग ने एक सप्ताह के भीतर पानी छोड़े जाने का आश्वासन दिया है।

अध्यक्ष तिवारी ने हाल ही में क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों की समस्याओं को जाना। किसानों ने बताया कि कमजोर मानसून के कारण खेतों में दरारें पड़ रही हैं और धान की फसल सूखने की कगार पर है। समय पर पानी नहीं मिलने पर फसलें बर्बाद हो सकती हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तिवारी ने कहा कि किसानों और मजदूरों की मेहनत पर संकट नहीं आने देंगे। उन्होंने जल संसाधन विभाग को तत्काल कदम उठाने को कहा। अधिकारी शिवहरे ने भरोसा दिलाया कि निर्धारित समय में तांदूला से पानी छोड़ा जाएगा, जिससे सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके।

### आत्महत्या के लिए उकसाया आरोपी हुआ गिरफ्तार

**भिलाई।** आत्महत्या के लिए उकसाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ अपराध कायम किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि न्यू पुलिस लाईन दुर्ग निवासी मृतक सुरेन्द्र साहू 40 वर्ष हरिश मिश्रा राशन दुकान वाले से 10 लाख रुपये उधार लिया था। जिसे मृतक सुरेन्द्र साहू के द्वारा पूरे पैसे वापस कर दिया था आरोपी क्वा. नं. 18 बी, सड़क एवेन्यू सी सेक्टर 1 निवासी हरिश कुमार मिश्रा द्वारा मूलधन व ब्याज के पैसो को लेकर मृतक से लगाताररुपए का डिमांग मोबाईल से कर प्रताड़ित करता था। घटना दिनांक को भी आरोपी अपने मोबाईल से मृतक सुरेन्द्र को फोन कर प्रताड़ित किया।

## समस्या : खेत में पड़ने लगी दरारें, धान की फसल को पानी की जरूरत

# बारिश की कमी और बिजली कटौती से किसान परेशान, धान की फसल को खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दाढ़ी

परिक्षेत्र के आसपास के गांवों जैसे अमचो, पचभैया, लालपुर और मड़ई में इस साल उम्मीद के मुताबिक बारिश नहीं हुई है, जिससे किसान काफी चिंतित हैं। बारिश की कमी और बिजली की लगातार कटौती ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं, जिससे धान की फसल पर संकट मंडरा रहा है।

अमचो गाँव के किसान डुकेश्वर चंद्राकर ने बताया कि इस क्षेत्र में बारिश बहुत कम हुई है, जिसके कारण खेत सूखने लगे हैं। उन्होंने कहा, धान की फसल को इस समय पानी की सख्त जरूरत है। कई खेतों में तो दरारें पड़ गई हैं। यदि अगले कुछ दिनों में बारिश नहीं हुई, तो धान की पैदावार में भारी नुकसान होने की संभावना है। बारिश की कमी के साथ-साथ, किसानों को बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। डुकेश्वर चंद्राकर ने बताया कि बिजली ठीक से नहीं मिल पाने के कारण वे अपने बोरवेल भी नहीं चला पा रहे हैं, जिससे खेतों की सिंचाई करना असंभव हो गया है। यह स्थिति किसानों के लिए दोहरी मार है, क्योंकि वे न तो बारिश पर निर्भर हो सकते हैं और न ही सिंचाई के साधनों का ठीक से उपयोग कर पा रहे हैं।

### सूख रहे खेत, किसान चिंतित हुए



### कृषि पर संकट

क्षेत्र के किसानों का कहना है कि अगर यह स्थिति बनी रही तो इस साल धान की फसल बर्बाद हो सकती है। धान छत्तीसगढ़ की प्रमुख फसल है और इसकी पैदावार पर ही किसानों की आजीविका निर्भर करती है। फसल को नुकसान होने से न केवल किसानों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा, बल्कि इसका असर पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा।

किसान अब सरकार और प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। वे उम्मीद कर रहे हैं कि बिजली की आपूर्ति में सुधार होगा और सिंचाई के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।


हालांकि, उनकी सबसे बड़ी उम्मीद अब भी इंद्र देवता पर टिकी है कि जल्द से जल्द अच्छी बारिश हो, ताकि उनकी फसल बच सके और उनकी मेहनत बर्बाद न हो। यह स्थिति सिर्फ अमचो, पचभैया, लालपुर और मड़ई गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे परिक्षेत्र के कई गाँवों में किसान इसी तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं।

## च्वाइस सेंटर संचालक के बेटे के साथ मारपीट, मिर्च पाउडर से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय के एक च्वाइस सेंटर में रविवार को एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां एक युवक ने संचालक के नाबालिग बेटे के साथ मारपीट की। आरोपी ने पहले रुपये देने का बहाना बनाया और फिर विवाद होने पर उसकी आंखों में मिर्च पाउडर डाल दिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। रविवार दोपहर, दुर्ग रोड पर स्थित लीना फोटो स्टूडियो के च्वाइस सेंटर में एक युवक, जिसने अपने चेहरे पर गमछा बांध रखा था, आया। उसने संचालक के बेटे, रौनित चौहान से कहा कि उसने फोनपे के जरिए 10 हजार रुपये ट्रांसफर किए हैं और उसे नकद चाहिए।

जब रौनित ने मना किया तो वह चला गया। थोड़ी देर बाद वह वापस आया और फिर से पैसे देने की जिद करने लगा। जब रौनित ने अपना मोबाइल चेक किया तो उसमें कोई पैसा नहीं आया था। इस बात पर युवक भड़क गया और उसने



गाली-गलौज शुरू कर दी। अचानक उसने अपनी जेब से लाल मिर्च पाउडर निकाला और रौनित की आंखों में डाल दिया। इसके बाद उसने रौनित के साथ मारपीट शुरू कर दी।

### लोगों ने पकड़ा आरोपी को

रौनित किसी तरह भागकर दुकान से बाहर आया और मदद के लिए चिल्लाया। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया। जब लोगों ने उसका गमछा हटाया तो उसकी पहचान करिश्मा बंजारे, निवासी खरोरा (रायपुर) के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के पास से एक हथौड़ा भी बरामद किया है। पीड़ित के पिता राजेश चौहान की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(3), 115(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## सड़क हादसे में घायल 3 लोगों की जान बची



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

बेरला के सोरला चौक के पास रविवार शाम को हुए एक सड़क हादसे में, एक भाजपा नेता की सूझबूझ और तत्परता ने तीन लोगों की जान बचा ली। समय पर एम्बुलेंस नहीं मिलने पर उन्होंने अपनी बाइक से ही घायलों को अस्पताल पहुंचाया। यह घटना शाम करीब 5 बजे रामपुर भांड और सोरला के बीच हुई, जब तीन बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा गिरे। उनके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। घटनास्थल पर भीड़ तो जमा हो गई, लेकिन कोई मदद के लिए आगे नहीं आया।

### पोषण निर्मलकर बने देवदूत

इसी दौरान, अपने जन्मदिन के मौके पर मंदिर दर्शन के लिए निकले भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री पोषण निर्मलकर ने घायलों को देखा। उन्होंने तुरंत 108 एम्बुलेंस को कॉल करने की कोशिश की, लेकिन कई बार प्रयास करने के बाद भी लाइन नहीं लगी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, पोषण निर्मलकर ने एक-एक करके तीनों घायलों को अपनी बाइक से बेरला के अस्पताल पहुंचाया।

### अस्पताल में इलाज

अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद, दो घायलों को रायपुर रेफर कर दिया गया। पोषण ने बताया कि उन्होंने घायलों के मोबाइल से उनके परिवार वालों को भी सूचना दी। उन्होंने एम्बुलेंस के समय पर न पहुंचने को एक गंभीर लापरवाही बताया। अगर थोड़ी भी देर हो जाती, तो शायद इन तीनों की जान बचाना मुश्किल हो जाता। पोषण निर्मलकर के इस साहसिक कार्य की हर तरफ सराहना हो रही है।

## बरगा में पारंपरिक वेशभूषा कन्याओं ने किया भोजली विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

ग्राम बरगा में रविवार को छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति का प्रतीक भोजली पर्व पारंपरिक उत्साह और लोकधुनों के बीच मनाया गया। इस दौरान गांव की कन्याओं ने पूरी तरह छत्तीसगढ़ी वेशभूषा और पारंपरिक गहनों से सजकर, मनमोहक रूप में भोजली का विसर्जन किया। मां शीतला जुड़वासोत्सव सेवा समिति के सदस्यों ने संगीत की धुन के साथ भोजली को गांव के बाजार चौक, महावीर चौक, संतोषी चौक और शीतला चौक में घुमाया। इस दौरान लोकगीत अहो देवी गंगा... की भक्तिपूर्ण धुनें पूरे वातावरण को भक्तिमय बना रही थीं। यात्रा के बाद, भोजली का जल में विसर्जन किया गया।

### पर्व का महत्व

भोजली पर्व सावन के महीने में मनाया जाने वाला एक पारंपरिक लोकपर्व है, जो विशेष रूप से युवतियों और कन्याओं का उत्सव है। इस पर्व में गेहूं, जौ या अन्य बीजों को मिट्टी में बोया जाता है और सात से नौ दिनों तक उनकी देखभाल की जाती है। सावन पूर्णिमा के दिन इनकी पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन किया जाता है। भोजली को वर्षा, हरियाली और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है, और बरगा के निवासी इस परंपरा का हर साल पूरी श्रद्धा के साथ निर्वहन करते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवतियां और ग्रामीणजन मौजूद थे, जिन्होंने मिलकर इस आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर सावित्री, केशर, गीतिका, पार्वती, आशा, पायल, भूमिका, एकता, नूतन, भारती, लता, गीतांजलि, कामनी, दुलेसरी, लीला, ज्योति, ममता, मिनाक्षी, लल्ली, भूमि, चंचल, चांदनी, रोशनी, नेहा, भाग्यश्री एवं ग्रामीणजन रमेश साहू, कियत साहू, बद्री साहू, शिवकुमार साहू, देवसिंग साहू, हरिसिंह, राजकुमार, चुरावन साहू, अजय साहू, संजू साहू, डाकेश साहू, भीखम साहू, अरुण कुमार, कान्हा, कुलेश्वर सहित अन्य सम्मिलित होकर आयोजन की शोभा को और बढ़ा दिया।



## अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण की हुई बैठक

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण की बैठक हुई। इस बैठक में जिले के विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर

- सामुदायिक भवन, सीसी रोड, मंच व शेड निर्माण जल्द पूर्ण करने के दिए निर्देश

ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने सभी लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटाने और पात्र लाभार्थियों की सूची का सत्यापन कर प्राथमिकता के आधार पर सहायता प्रदान करने का आदेश दिया।

### विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

कलेक्टर शर्मा ने विशेष रूप से सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी रोड निर्माण, मंच निर्माण, और शेड निर्माण जैसे सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि काम समय पर पूरे नहीं हुए तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त और स्वीकृत प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अलावा, शिक्षा, स्वरोजगार और आवास से संबंधित मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता मांडवी, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेई, एसडीएम प्रकाश भारद्वाज और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## मिनीमाता की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि, मंत्री बघेल ने उनके आदर्शों को बताया अनुकरणीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवागढ़ के मिनीमाता चौक में ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और सतनामी समाज के सैकड़ों सदस्य बड़ी संख्या में शामिल रहे।

कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल ने मिनीमाता की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर पुष्पमाला अर्पित की और उनके जीवन संघर्ष एवं योगदान को नमन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा मिनीमाता ने समानता, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए जो संघर्ष किया, वह समाज के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहेगा। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए एकता, भाईचारा और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाना होगा। इस अवसर पर सतनामी समाज के वरिष्ठ जनों ने मंत्री श्री बघेल और कलेक्टर रणबीर शर्मा का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कलेक्टर शर्मा ने अपने उद्बोधन में मिनीमाता जी के जीवन संघर्ष, समाज सेवा और वंचित ▶▶ शेष पेज 11 पर



### समानता, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए मिनीमाता के योगदान को किया याद

कार्यक्रम में एसएसपी रामकृष्ण साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री प्रेमलता मंडावी, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेई, अंजू बघेल, एसडीएम बेमेतरा प्रकाश कुमार भारद्वाज, एसडीएम साजा पिंकी मनहर सहित सतनामी समाज के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। श्रद्धांजलि सभा के दौरान सभी ने संकल्प लिया कि मिनीमाता जी के आदर्शों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। पूरे कार्यक्रम का वातावरण भावुक और प्रेरणादायी रहा, जिसमें सभी ने एक स्वर से उनके योगदान को नमन किया और उन्हें समाज की सच्ची प्रेरणा बताया।

## खबर संक्षेप



### बायोगैस संयंत्र के संबंध में विभागों से मंगाए अभिमत

**दुर्ग।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा राज्य के नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट सह कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण हेतु बायो सीएनजी संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इसी अनुक्रम में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भूमि आबंटन के संबंध में अधिकारियों के साथ राय शुमारी की गई। जिले के नगर पालिक निगम भिलाई जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत वार्ड-क्र. 22 कुरूद बस्ती अंतर्गत शासकीय भूमि में सीबीजी परियोजना अंतर्गत बायोगैस संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इस संबंध में वन, राजस्व, कृषि, पर्यावरण एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों से विभागीय अभिमत आमंत्रित की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने आयुक्त नगर निगम भिलाई को नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने साथ ही अधिकारियों को शीघ्र अभिमत प्रस्तुत करने निदेर्शित किया। बैठक में वन मंडलाधिकारी दिपेश कपिल, एडीएम वीरेन्द्र सिंह, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय, एसडीएम भिलाई-3 महेश राजपूत सहित कृषि, पर्यावरण संरक्षण मंडल और उद्योग विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### ग्रामीण विकास के लिए 66.78 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार विख पाटन अंतर्गत 21 अधोसंरचना निर्माण कार्यों के लिए 66.78 लाख रूपए की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग पाटन द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं. पाटन को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता थीम पर मनेगा 79वां स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में (प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त और तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त) किया जा रहा है, जो हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता - स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आधारित है। इसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि आमजन में देश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने उक्त कार्यक्रम अंतर्गत गतिविधियों के संचालन करने के लिए क्षेत्रवार नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## गतिविधियों के संचालन करने हेतु क्षेत्रवार नोडल अधिकारी नियुक्त

### संस्कृति विभाग के निर्देशों पर करेंगे कार्य



पंचायत क्षेत्रों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग को, नगर पालिका निगम क्षेत्र में आयुक्त नगर पालिक निगम (सर्व) जिला दुर्ग को, नगर पालिका परिषद् क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् (सर्व) जिला दुर्ग को तथा नगर पंचायत क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत (सर्व) जिला दुर्ग को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी कार्यालयों, विभागीय गतिविधियों के संचालन के लिए संबंधित कार्यालय प्रमुख (सर्व) जिला दुर्ग प्रभारी अधिकारी होंगे। सभी नियुक्त नोडल अधिकारियों को संस्कृति विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करने कहा गया है।

### किया जाएगा प्रोत्साहित

जारी दिशा-निर्देश के अनुसार जिले के अन्तर्गत सार्वजनिक उपक्रमों स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्पोरेट और निजी संगठनों को भी सीएसआर संसाधनों सहित भाग लेने और योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार की वेबसाइट्स और सोशल मीडिया का उपयोग कर जागरूकता का निर्माण करने तथा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग आयोजित कार्यक्रम को वेबसाइट के माध्यम से लिंक किया जाएगा।

### कार्यक्रम को सफल बनाने प्रचार-प्रसार के निर्देश

शासन स्तर पर मॉनिटरिंग कर ग्राम सरपंचों एवं नगरीय निकाय के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित कर तिरंगा कोड को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त तिरंगा की मांग अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। शासकीय स्तर पर प्रत्येक गांव में तिरंगा वितरण और बिक्री केन्द्र स्थापित किया जाना है। इसके लिए स्थानीय स्व-सहायता समूहों को तिरंगा के निर्माण एवं ग्राम पंचायतों द्वारा बड़े पैमाने पर समूह में खरीदी के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य के सभी जिलों में तिरंगा के वितरण, बिक्री केन्द्र के रूप में पोस्ट ऑफिस, उचित मूल्य की दुकान का नेटवर्क स्थापित किया जाएगा। टोल नाका, चेक पोस्ट आदि में पैम्पलेट-स्टीकर वितरण किये जाएंगे। भारत सरकार द्वारा निर्धारित गतिविधियों जैसे समस्त शासकीय भवनों एवं सस्थानों आवासीय भवनों में तिरंगा लाईटिंग, रंगोली, सेल्फी जोन एवं तिरंगा फहराना एवं पैम्पलेट, बैनर, स्टैर्णडिज आदि के माध्यम से हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग कार्यक्रम को सफल बनाने स्थानीय भाषाओं में प्रमुखता से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

**कार्रवाई :** जिला शिक्षा विभाग ने अनुपस्थित कार्यदिवस की जानकारी राज्य को भेजी

# युक्तियुक्तकरण आदेश का पालन नहीं 261 गैरहाजिर शिक्षकों की सर्विस ब्रेक

**जिन स्कूलों में शिक्षकों को भेजा गया था वहां डेढ़ महीने से हैं अनुपस्थित**

देवीलाल साहू ⏭ दुर्ग

हरिभूमि ब्रेकिंग

युक्तियुक्तकरण आदेश नहीं मानने वाले 261 शिक्षकों का सर्विस ब्रेक हो गया है। दरअसल इन शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण के बाद जिस स्कूल में उन्हे भेजा था वे ज्वाइन नहीं किए। यानी ये शिक्षक स्कूल से अनुपस्थित हैं। ऐसे शिक्षकों की सुनवाई भी चल रही है लेकिन नियम के हिसाब से यह सर्विस ब्रेक हो गया है। जिला शिक्षा विभाग ने अनुपस्थित कार्य दिवस की जानकारी राज्य को भेज दिया है।




### इधर डेढ़ महीने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित

युक्तियुक्तकरण के बाद सरकारी स्कूलों में पढ़ाई बेहद प्रभावित है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि युक्तियुक्तकरण आदेश के बाद से शिक्षकों ने ज्वाइनिंग ही नहीं लिया। जिसकी वजह से प्राइमरी स्कूल से लेकर हायर सेकंडरी स्कूल तक विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षक अपने विभाग का आदेश मानने के लिए तैयार नहीं है और राज्य ने ऐसी व्यवस्था दे दी है कि प्रभावित शिक्षक इसका भरपूर फायदा उठा रहे हैं। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने युक्तियुक्तकरण प्रभावित शिक्षकों की सुनवाई की तिथि निर्धारित नहीं की है। इसलिए शिक्षक जिला से संभाग और संभाग से राज्य स्तर पर आवेदन लगा रहे हैं।

### दुर्ग जिले में 161 शिक्षकों का सर्विस ब्रेक

दुर्ग जिले में 161 शिक्षकों का सर्विस ब्रेक हो गया है। इन शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण के तहत आदेश हुआ था। दुर्ग जिले में इन शिक्षकों के विषयों के पद रिक्त नहीं होने की वजह से ये अतिशेष के दायरे में रहे हैं। इसलिए इन शिक्षकों की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के बाद इन शिक्षकों ने रिक्त पदों का चयन किया। जिसके आधार पर जिला शिक्षा विभाग ने चयनित स्कूलों में पदस्थापना के लिए आदेश जारी किया। आदेश के बाद ये शिक्षक हाईकोर्ट चले गए। हाईकोर्ट ने शिक्षकों की सुनवाई कोर्ट में न करके कलेक्टर को सुनवाई करने के लिए आदेशित किया। जिला शिक्षा विभाग ने 161 शिक्षकों की सुनवाई की है।

### दुर्ग संभाग में 200 शिक्षकों की सर्विस ब्रेक

जिन शिक्षकों की सुनवाई जिला स्तर पर की गई और सुनवाई से संतुष्ट नहीं हुए उन्होने संयुक्त संचालक दुर्ग शिक्षा संभाग में आवेदन लगाया है। दुर्ग संभाग में 200 शिक्षकों की सुनवाई चल रही है। इन शिक्षकों का सर्विस ब्रेक माना जाएगा। इनमें दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव और कबीरधाम जिले के शिक्षक शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक 150 शिक्षकों की सुनवाई संभागायुक्त द्वारा पूरी कर ली गई है। 50 शिक्षकों की सुनवाई बाकी है। ये शिक्षक भी भेजे गए स्कूल में नहीं पढ़ा रहे हैं। जिसकी वजह से इनकी सर्विस ब्रेक की स्थिति है। संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा इनकी सूची राज्य को भेजी जानी है।

### सुनवाई के दौरान 14 शिक्षकों का आवेदन मान्य

जिला शिक्षा विभाग द्वारा कलेक्टर कक्ष में अपर कलेक्टर की मौजूदगी में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण प्रकरणों की सुनवाई की गई है। जिसमें से 14 शिक्षकों का आवेदन मान्य भी कर लिया गया है। यानी इन शिक्षकों को अतिशेष बताकर उस स्कूल से बाहर करना गलत था। इतने शिक्षकों के आवेदन मान्य होने से और शिक्षकों की उम्मीदें जगी है। इसलिए जिला स्तर पर आवेदन अमान्य होने के बाद ये संभाग स्तर पर सुनवाई के लिए आवेदन लगा रहे हैं। संभाग स्तर पर फेल होने की स्थिति में राज्य स्तर पर भी सुनवाई के रास्ते खोले गए हैं।

**सर्विस ब्रेक, नहीं मिलेगा वेतन**

"युक्तियुक्तकरण आदेश के बाद जिन शिक्षकों ने ज्वाइनिंग नहीं किया है वे अनुपस्थित हैं। नियम के हिसाब से इस अवधि को सर्विस ब्रेक माना जाता है। हमने राज्य को अनुपस्थित कार्यदिवस की जानकारी भेज दी है। अनुपस्थित दिवस का वेतन नहीं मिलेगा। **-अरविंद कुमार मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

# शैक्षिक गतिविधियों में सहयोग करने पालकों को किया प्रेरित

**विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय प्राथमिक शाला डोड़की में मेगा पीटीएम बैठक हुई। इसका उद्देश्य पालकों में बच्चों के प्रति जागरूकता, घर में शैक्षिक वातावरण का निर्माण, शैक्षिक गतिविधि युक्त दिनचर्या, बच्चों का शैक्षिक आंकलन ,बच्चों को बेझिझक बोलने, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थियों के आयु अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, आय जाति निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोजन, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जवाहर नवोदय विद्यालय, जवाहर उत्कर्ष योजना, सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा की तैयारी ,पास्को एक्ट,गुड व बेड टच की जानकारी, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर, विभिन्न डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे दीक्षा ऐप, e जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी, आधार अपडेशन शिविर, अपार आईडी जेनरेशन तथा एक पेड़ मां के नाम संबंधी जानकारी दी गई ।

■ प्रवेश परीक्षा की तैयारियों की दी जानकारी

### उत्साहित हुए पालक

पालकों द्वारा समस्त बिंदुओं पर चर्चा की गई जिससे बच्चों की शैक्षिक गतिविधियों में सहयोग एवं ध्यान देने उत्साहित दिखे ।

विद्यालय के पीटीएम में प्रधान पाठक यशवंत कुमार पटेल, शिक्षक खिलेश्वर साहू, दावेंद्र देशमुख, उमाशंकर नेताम की सहभागिता तथा पालक लोमन सिंह वर्मा, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष रूपसिंह साहू, अंजोरी वर्मा, पुष्पा साहू, सोनी वर्मा, गोमती वर्मा, हेमलता साहू, हीरालाल साहू, बिसाहू, पुनीत साहू, फमेश्वर, गिरधर, चिरंज लाल, नीलकंठ, बीसे लाल सरिता यादव आदि उपस्थित रहे ।

# बच्चों को अब खेल, कविता और कहानियों के माध्यम से सीखने का मिल रहा अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



धमधा विकासखंड के ग्राम तुमाखुर्द में सरकारी प्राथमिक शाला है। जहां पहली से पांचवी तक के बच्चे पढ़ाई करते हैं। जहां 19 बच्चे अध्ययनरत हैं। लेकिन शिक्षक के अभाव में बच्चों को शिक्षा नहीं मिल पाती थी। पहली से पांचवी तक के बच्चों को केवल एक ही शिक्षक पढ़ाते थे। रोज सभी कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाई नहीं हो पाती थी। रोज पढ़ाई नही होने के कारण बच्चे स्कूल नही जाते थे। शिक्षा व्यवस्था में सुधार होने के बाद शिक्षा में गुणवत्ता आई है। बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की गई है। पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध होने से बच्चों का भी मन लगने लगा है। यह शिक्षा नीति में बदलाव आने के कारण संभव हो पाया है। जहां पहले बच्चों की दर्ज संख्या कम होती थी वहां अब शत-प्रतिशत उपस्थिति रहती है।

■ मामला है ग्राम तुमाखुर्द के सरकारी स्कूल का

पहले स्कूल में एक ही शिक्षक होने के कारण अभिभावकों की चिंता बढ़ती जा रही थी, लेकिन शिक्षा विभाग द्वारा किए गए युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूल में आखिरकार एक योग्य शिक्षक की नियुक्ति हुई। स्कूल में बच्चों की चहल-पहल शुरू हो गई। खुशबू भी अब हर सुबह बच्चे स्कूल जाते हैं। वे कहते हैं अब स्कूल आना बहुत अच्छा लगता है। हमे नए-नए खेल सिखाए जाते हैं, कविताएं पढ़ाई जाती हैं और कहानियां सुनाई जाती हैं। नन्हें बच्चों को शिक्षा नीति के माध्यम से न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिली, बल्कि उन्हें एक नई दिशा और अवसर भी मिला। आज स्कूल में 19 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। शिक्षक का समर्पण और बच्चों की जिज्ञासा ने स्कूल का माहौल पूरी तरह बदल दिया है। एक समय था जब यह स्कूल वीरान थी, आज वहां बच्चों व शिक्षकों की गुंज सुनाई देती है। बच्चों के अभिभावक संतुष्ट हैं।

# खपरी नहर से छोड़ा गया पानी, 25 गांव के किसान होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की पहल पर खपरी नहर से किसानों के लिए पानी छोड़ा गया है। विधायक के निर्देश के बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने पानी की समस्या को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की और आज खपरी नहर माइनर से पानी छोड़ा गया है। इससे 25 गांव के किसानों को लाभ होगा और उनकी फसलों को पर्याप्त पानी मिलेगा। विधायक ललित चंद्राकर ने किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया था कि पानी की समस्या का समाधान किया जाए। इस पहल के लिए किसानों ने विधायक ललित चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा किसानों की खुशहाली और समृद्धि ही हमारे क्षेत्र की प्रगति की कुंजी है। मैं अपने क्षेत्र के किसानों के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करता रहूंगा।

■ विधायक ललित के प्रयासों से किसानों को मिला पानी

### महापौर को ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधी राखी



**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी बहनो ने महापौर श्रीमती अलका बाघमार के बंगले में पहुंचकर राखी बांधी।

# छात्राओं के लिए आर्थिक लक्ष्य निर्धारित करना आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए आवश्यक : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक्सलेन्स ग्लोबल स्किल ट्रेनिंग एण्ड डेव्लपमेन्ट आर्गनाइजेशन, नई दिल्ली एवं कौशल विकास सेल के तत्वाधान में एक दिवसीय वेबीनार का आयोजित किया गया। वूमेन एम्पावरमेन्ट ऑन फाइनेंशियल लिट्रेसी- एजुकेशनल मोटिवेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रदीप पाण्डे, सेबी, स्मार्ट ट्रेनर ने आर्थिक प्रबंधन के लक्ष्य निर्धारण के रणनीतियों से अवगत कराये। उन्होंने कहा कि छात्राओं के लिए आर्थिक लक्ष्य निर्धारित करना, उनके वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने और आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।

■ वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि छात्राओं के विभिन्न लक्ष्य निर्धारण केवल एक उपयोगी शैक्षणिक उपकरण नहीं है अपितु यह एक महत्वपूर्ण जीवन कौशल है, जो व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देते हैं। प्रभावी तकनीकों को लागू करके जैसे स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण और सहायक वातावरण छात्राओं को आवश्यक कौशल विकसित करने में सहायता प्रदान करता है, जिसके महाविद्यालय समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन करता रहता है।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने कॅरियर में विभिन्न कौशलों के समावेश एवं प्रशिक्षण के तहत इस आयोजन की महत्ता का वर्णन किया। उन्होनें कहा कि छात्राओं को अपने वर्तमान वित्तीय स्थिति को समझना, विशिष्ट, मापने योग्य, प्राप्य, प्रासंगिक और समयबद्ध लक्ष्य निर्धारण करना और फिर उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक योजना बनानी चाहिए। जागृत ठाकुर ने वेबीनार का संचालन किया।

**साइंस कॉलेज में आदिवासी दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम**

# भारतीय जनजातियों को आगे बढ़ाने का आगाज : रिचा ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया। आदिवासी समुदायों के अधिकार, संस्कृति व उनकी विरासत को संरक्षित करने उन्हें सम्मान दिलाने विश्व भर में आदिवासी दिवस मनाया जाता है।

■ कॉलेज के चारों हाउस में हुई प्रतिस्पर्धा

इसी तारतम्यता में शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में गठित विभिन्न हाउस गतिविधि के अंतर्गत विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह, विवेकानंद व सुभाषचंद्र बोस हाउस के विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी दी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आशुतोष मंडावी, कुशाभाउ ठाकरे पत्रकारिता महाविद्यालय रायपुर थे। उन्होंने बताया कि यह दिवस आदिवासी की सभ्यता, संस्कृति, को याद करने व उन्हें उनके अधिकारों की मान्यता देने वाला है, उन्होंने बताया कि 2025 के विश्व आदिवासी दिवस की प्रमुख थीम आदिवासी लोग व कृत्रिम बुध्दिमता अधिकारों की रक्षा व भविष्य को आकार पर आधारित है। इसके द्वारा उन्हें आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम की विशेष अतिथि संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती रिचा ठाकुर थी। उन्होंनें इस तरह के आयोजन को भारतीय जनजातियों को आगे बढ़ाने का आगाज बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने कहा कि इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य स्वदेशी समुदायों के योगदान को उजागर करना उनके अधिकार एवं संरक्षण के महत्व पर जोर देना, अभी भी आदिवासी सभ्यता अपने अस्तित्व एवं जल, जंगल एवं जमीन के लिए कार्यक्रम का संचालन डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी, सहायक प्राध्यापक हिन्दी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राकेश तिवारी, प्राध्यापक गणित ने किया। डॉ. तरलोचन कौर, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी ने अतिथि स्वागत के साथ यह बताया कि इस तरह का आयोजन आदिवासी सभ्यता का सम्मान महाविद्यालय द्वारा उन्नति के अवसर प्रदान करने प्रयास है।





### विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

समूह नृत्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके द्वारा छात्र एवं छात्राऐं आदिवासी सभ्यता एवं संस्कृति को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में समूह नृत्य में प्रथम स्थान सुभाषचंद्र बोस समूह, द्वितीय विवेकानंद समूह एवं तृतीय चंद्रशेखर आजाद समूह ने प्राप्त किया। साथ ही आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मेघा वर्मा, द्वितीय स्थान अमित कुमार एवं तृतीय स्थान वासुदेव ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक डॉ. के पद्मावती विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, डॉ. मर्सी जॉर्ज विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग, डॉ. रिचा ठाकुर प्राचार्य संगीत महाविद्यालय दुर्ग उपस्थित थी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राकेश तिवारी एवं लक्ष्मेन्द्र कुलदीप थे। महाविद्यालय में गठित विभिन्न हाउस के प्रभारी समस्त विभाग के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बजरंग दल की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अखंड भारत दिवस 14 अगस्त और विजयादशमी उत्सव तैयारियों की योजनाओं को लेकर बजरंग दल की बैठक हुई। बैठक छत्तीसगढ़ बजरंग दल प्रांत संयोजक के निर्देश पर विभाग संयोजक रवि निगम ने सभी जिला एवं प्रखंड के अधिकारियों की बैठक महाराणा प्रताप भवन शंकर नगर में ली। जिसमें अखंड भारत उत्सव के मशाल रैली शहीद चौक दुर्ग से पटेल चौक तक पश्चात भारत माता आरती कर कार्यक्रम के समापन की योजना बनाई तथा और अनेक कार्यक्रमों के लिए बजरंग दल के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए जिसमें रवि निगम के अलावा संगठन विभाग के ईश्वर गुप्ता, जिला सत्संग प्रमुख इंद्रजीत गोस्वामी, जिला सह मंत्री अपूर्व सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रिंस राजपुर, शहर अध्यक्ष अमित राजपूत, जिला गौसेवा विभाग के ऋषभ जैन, ज्ञानचंद समेत 30 अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में रवि निगम जने आगामी कार्यक्रमों को भव्यता प्रदान करने के लिए सभी उपस्थित बजरंगियों को लक्ष्य दिया।


■ बजरंगियों को दिया गया लक्ष्य

# बीएसपी में दो साल बाद भी कर्मियों को अनुपस्थित दिखा रही बायोमेट्रिक मशीन, जल्द सुधारें सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम के करीब दो साल गुजने के बाद भी कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टेक्निकल समस्या के कारण मशीन में कई कर्मियों की अनुपस्थिति दिखाने से कर्मियों मे असंतोष है। सीटू ने प्रबंधन से बायो सिस्टम को जल्द दुरुस्त कर राहत दिलाने की मांग की है। साथ ही उच्च स्तरीय जांच की भी मांग की है।

कर्मियों के बायोमेट्रिक मशीन से जुड़ी समस्या प्रबंधन के आश्वासन के बाद भी निदान नहीं हो रही है। मामले में सीएंडआईटी भी विभाग भी पल्ला झा रहा है। सीटू के मुताबिक एक कर्मी का 26,27 जुलाई का हाजिरी 31 जुलाई को दिखा रहा था। लेकिन 5 अगस्त से हैंग हो गया और अनुपस्थित दिखा रहा है। कर्मी ने जब कार्मिक



## सीटू ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

अधिकारी से बात किया तो कार्मिक अधिकारी कह रहे हैं कि आप को ही सुधरवाना होगा अपनी हाजिरी। जबकि सेक्शन आफिसर मशीन का फाल्ट बता रहे हैं। वो ही ठीक करेंगे।

इसके अलावा रेल मिल में एक कर्मी के 8 घंटे ड्यूटी करने के बाद भी गैरहाजिर दिखा रहा है।बायो की समस्या टाइम आफिस को बंद करने से भी बढ़ रही है। टाइम आफिस को बंद कर सी एंड आई टी के बड़े अधिकारी प्रमोशन ले लिए हैं तो जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। एचआर और सीएंडआईटी विभाग को हल करना है।

### हाजिरी को लेकर हर माह परेशानी

सीटू यूनियन ने बताया कि कार्यस्थल में प्रत्येक माह के आखिर में कर्मचारी अधिकारी परेशान होते हैं। यदि कोई कर्मी अपनी हाजिरी जांचता नहीं है तो सिंगल पंच होने अथवा पंच ना लेने पर पेमेंट कटने का खतरा बना रहता है। यूनियन ने संयंत्र में लागू बायोमेट्रिक आधारित अटेंडेंस सिस्टम की उच्च स्तरीय जांच की मां की है।

# तुलसीदास जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

संत शिरोमणि तुलसीदास जयंती पर मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा की विशेष सहभागिता में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर देवलाल सिन्हा ने कहा कि रामचरितमानस मानव उत्थान का सरल व सहज मार्ग है और जीवन जीने की कला सिखाती है। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर जिला स्तरीय समारोह में संत शिरोमणि तुलसीदास जयंती पर मानस दर्शन रामचरितमानस के महत्व और जीवन में इसके प्रभाव पर चर्चा की गई। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई जिसमें सरस्वती महिला मानस मंडली (सनौद) गौरी महिला मानस मंडली (रेंगाकठेरा) ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी वही डॉ. संतोष साहू (कोटगांव) संगम मानस परिवार पलारी,रवीना रावटे (बालोद) ने विशेष भजन प्रस्तुत किया। मानस दर्शन जीवन अर्पण परिवार द्वारा महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति और उमंग के साथ सहभागिता की।

- विभिन्न मानस मंडलियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

### इनकी रही कार्यक्रम में उपस्थिति रहे

मां भद्रकाली जिला मानस संघ संरक्षक मदन सिन्हा, अध्यक्ष देवलाल सिन्हा, उपाध्यक्ष माखन साहू व ओमकार चंद्राकर, कोषाध्यक्ष विष्णु साहू, लखन वर्मा एवं तहसील साजा अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष केदार देवांगन, जिला युवा कांग्रेस सचिव मुकेश्व सराठे, उमेश अग्रवाल गौतम सिंह कुसराम (पूर्व सरपंच), बोधन साहू (शिक्षक) सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पंजीकृत पट्टों को फ्री होल्ड करने की मांग

**भिलाई।** आमदी नगर हुडको में शेष बचे मूल आबंटियों के पट्टे का पंजीयन धारा 35 के अंतर्गत तथा जिन लोगों ने पूर्व मे पट्टे का पंजीयन धारा 23 में करवा लिया है उनके पट्टों को फ्री होल्ड किए जाने की मांग हुडको संघर्ष समिति के संयोजक जावेद खान ने कलेक्टर से की है। जावेद खान ने बताया की जिले में नजूल पट्टों के संरक्षक एवं प्रथम पक्षकार कलेक्टर ही होता है। आवास एक मूलभूत आवश्यकता है, परन्तु आर्थिक कारणों से कई हितग्राही अपने मकानों का पट्टा पंजीयन नहीं करवा पा रहे हैं। आमदी नगर हुडको, भिलाई इस्पात संयंत्र की भूमि पर संयंत्र प्रबंधन द्वारा अपने कर्मचारियों के कल्याण एंव पुनर्वास के तहत आवास बना कर दिए गए थे।

### संगीतमय प्रस्तुति 'द लेजेंड्स नाइट' आज

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई को संगीतप्रेमियों की संस्था रोज म्यूजिकल ग्रुप की ओर से संगीतमय प्रस्तुति 'द लेजेंड्स नाइट' का आयोजन 12 अगस्त को शाम 7 बजे से सत्य विजय ऑडिटोरियम सेक्टर-5 भिलाई में किया गया है। संस्था की ओर से महमूद अली और कमाल अख्तर निजामी ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिथि शहर महापौर नीरज पाल होंगे। इस संगीतमय संध्या में महान फिल्मी सुरसाधकों लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार और मुकेश चंद्र माथुर सहित सुनहरे दौर के सभी कलाकारों को अंचल के गायक-गायिकाओं की ओर से सुरांजलि दी जाएगी। आयोजकों ने संगीतप्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

### कोक ओवन बैटरी-7 का हीटिंग कार्य शुरू

**भिलाई।** बीएसपी में "कोक ओवन बैटरी-7 और कोक ओवन बैटरी-8 के पुनर्निर्माण परियोजना के तहत कोक ओवन बैटरी-7 के अस्थायी हीटिंग कार्य की शुरुआत की गई। बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र के मुख्यातिथ्य में हीटिंग प्रक्रिया की शुरुआत हुई। कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय सहित सभी ईडी व मुख्य महाप्रबंधक उपस्थित थे। इस परियोजना में दोनों बैटरियों के डेक स्लैब को हटाकर पुनर्निर्माण किया गया। कार्य की जटिलता को देखते हुए इसके क्रियान्वयन में सूक्ष्म-स्तरीय योजना व वास्तविक-समय निगरानी आवश्यक रही।

## पेज 9 का शेष

### मिनीमाता की ...

वर्ग के अधिकारों के प्रति उनकी निष्ठा का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका योगदान अमिट है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

## निधन

### युधिष्ठिर सिंह राठौड़



**गाड़ामोर।** ग्राम गाड़ामोर निवासी युधिष्ठिर सिंह राठौड़ (90 वर्ष) का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह 9 बजे गृह ग्राम गाड़ामोर में किया जाएगा। वे लालबहादुर सिंह एवं राममिलन सिंह के पिता तथा बीमा अभिकर्ता रौनक सिंह के दादा थे। उनके निधन पर ग्रामवासियों एवं परिजनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## सेक्टर नौ हास्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ सिमट रहा पैरामेडिकल स्टॉफ

# सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा सेक्टर-9 अस्पताल रेफरल सेंटर बनकर रह गया

*एक दशक पूर्व तक सेंट्रल इंडिया के सबसे बड़े अस्पताल के रुप में जाने जाने वाले भिलाइ इस्पात संयंत्र की पं. जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र ( जेएलएनएच) सेक्टर सेक्टर 9 आज एक रेफरल सेंटर के रुप में बनकर रह गया है। डाक्टरों,पैरामेडिकल आदि स्टाफ के साथ अन्य सुविधाओं के सिमटने का खामियाजा कीर्तिमानी उत्पादन करने वाले बीएसपी कर्मचारियों और अन्य मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। इस मामले में लोकल व सेल प्रबंधन उदासीन बना हुआ है। यूनियनों ने प्रबंधन से जल्द अस्पताल को अपडेट कर पूर्व की तरह पहचाने दिलाने की मांग की है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अलग खबर

जेएलएन अस्पताल सेंक्टर 9 मरीजों की परेशानी खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र में जैसे जैसे मेन पावर कम हो रहा है इस चिकित्सालय में सुविधाएं व सेवाए कम होती जा रही हैं। धीरे धीरे डाक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ रिटायर हो रहा है लेकिन भर्ती नहीं हो रही है। इससे बीएसपी कर्मचारियों, अधिकारियों और यहां इलाज कराने आने वाले मरीजों को असुविधाओ का सामना करना पड़ रहा है।

यूनियनों के मुताबिक 1 हजार से अधिक बेड क्षमता वाले दस बारह साल पूर्व मध्य भारत के सबसे बड़े इस अस्पताल की सेवाओं व सुविधाओं के कारण छग के अलावा ओडिशा,मप्र,महाराष्ट्र, झारखंड आदि सीमावर्ती राज्यों के लोग यहां इलाज कराने आते थे। लेकिन पिछले कुछ साल से हालत यह हो गई है कि जिन बीएसपी कर्मियों के लिए यह अस्पताल बनाया गया है, संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक और सुविधा नहीं है कहते हुए इलाज के लिए उन्हें ही बाहर के अन्य अस्पतालों में रिफर किया जा रहा है। कई बार यूनियनों, ओए व सेफी की लोकल प्रबंधन व इस्पात मंत्री से मांग व धरन प्रदर्शन के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। यहां दर्जनभर से अधिक चिकित्सा विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं हैं या एक ही स्पेशलिस्ट होने से लोड बढ़ रहा है। हार्ट के फुलफ्लेश विशेषज्ञ नहीं होने से गंभीर मरीजों को बारह के बड़े अस्पतालों में रिफर करने की सलाह दी जाती है। आउटसोर्स पर एक हार्ट स्पेशिलिस्ट दिल्ली से 15 दिन में आते हैं और 2 डाक्टर रायपुर के निजी अस्पताल से हायर किए गए हैं। रात में कोई डाक्टर नहीं होता। यहां आपरेशन भी नहीं हो रहा है। कई अहम विभागों में भी स्पेशलिस्ट नहीं हैं।

### खास बातें

- तेजी से हो रहे रिटायर लेकिन भर्ती नहीं हो रही
- यूनियनों ने कहा पूर्व की तरह मिले

## एक्स रे व एमआरआई के लिए करना पड़ राह डेढ़ दो महीने इंतजार




### पैरामेडिकल स्टाफ भी सिमट रहा

अस्पताल में पैरामेडिकल स्टाफ के भी सिमटने से मरीजों इलाज के दौरान परेशानी और कार्यरत स्टाफ पर वर्कलोड भी पड़ रहा है। जेएलएन अस्पताल में हिंदुस्तान लिटेक्स लि. ( एचएलएल) के जरिए पैरामेडिकल स्टाफ की जल्द नियुक्ति नियुक्ति का आश्वासन यूनियनो को दिया गया था। लेकिन अब तक कुछ नही हुआ। कई फार्माशिस्ट व नर्सिंग स्टाफ के रिटायर होने से निजी कालेजों से सुबह ट्रेनिंग के लिए आने वाले बीएसपी व एमएससी नर्सिंग स्टाफ पर निर्भरता बढ़ गई है। एक ही रेडियोलाजिस्ट होने से एक्स-रे व एमआरआई के लिए मरीजों के लंबी लाइन लग रही है और डेढ़ दो महीने की प्रतीक्षा करना पड़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक जेएलएन अस्पताल में चिकित्सा उपकरण व मशीनें आदि चिकित्सा संसाधन उच्च क्वालिटी के हैं लेकिन पर्याप्त डाक्टरों व टेक्निशियनों की किल्लत से मरीजों को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### हार्ट सहित कई विशेषज्ञ नहीं

अस्पताल में हार्ट स्पेशलिस्ट के अलावा नेफ्रोलाजी, यूरोलाजी व सर्जरी विभाग में एक ही विशेषज्ञ होने से वर्क लोड बढ़ रहा है। न्यूरो विभाग में भी 1 ही सर्जन हैं, फिजिशियन नहीं है। थाईराइड के भी विशेषज्ञ नहीं हैं। कुछ वर्ष पूर्व मनोरोग विभाग में आधा दर्जन डाक्टर थे, जहां वर्तमान में सिर्फ एक ही महिला विशेषज्ञ होने से मरीजों को निजी अस्पतालों की शरण में जाने मजबूर होना पड़ रहा है। पेडियाट्रिक सर्जन, कार्डियो सर्जन, नेफ्रोलॉजी सर्जन, एमडी मेडिसिन, न्यूक्लियर मेडिसिन, कार्डियक सर्जन आदि की समस्या अस्पताल में बनी हुई। साथ ही कई दवाइयां का टोटा भी बने रहता है। स्टील इम्पलाइज यूनियन के महासचिव वंश बहादुर सिंह बताते हैं कि खाली या वर्कलोड वाले विभागों में सेल प्रबंधन को जल्द विशेषज्ञों की नियुक्ति किए जाने की जरुरत है, ताकि मरीजों को बाहर के अस्पतालों में जाने की समस्या न आए। यूनियन अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने कई बार लोकल व उच्च प्रबंधन का ध्यानाकर्षित कर चुकी है लेकिन परिणाम शिफर है।

### जल्द हो स्पेशलिस्ट व पैरामेडिकल की नियुक्ति

सेक्टर 9 अस्पताल में डाक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी निरंतर बढ़ रही है। इस कारण मरीजों की परेशानी भी बड़ रही है। सेल प्रबंधन से इंटक द्वारा जल्द विभिन्न विभागों मे रिक्त विशेषज्ञ डाक्टरों व पैरामेडिकल स्टाप की नियुक्ति की मांग की गई है। ताकि इलाज कराने आने वाले बीएसपी कर्मियो सहित अन्य को दिक्कतें न हों।

**-वीबी सिंह महासचिव,** स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक

### पूर्व की तरह करें अपडेट

अस्पताल में डाक्टर, टेक्निशयन व नर्से आदि लगातार रिटायर हो रहे हैं लेकिन भर्ती बंद होने से सारी समस्या बढ़ रही है। यूनियन कई बार प्रबंधन से खाली विभागों में नियुक्ति की मांग कर चुकी है। सेल प्रबंधन द्वारा हास्पिटल को दस पंद्रह साल पूर्व की तरह अपडेट किये जाने की जरुरत है। इससे मरीजों को बाहर रेफर करने की जरुरत नहीं पड़ेगी।

**-वीके सोनी,** महासचिव एटक

# कांग्रेस ने मिनी माता को दी श्रद्धांजलि



**बेमेतरा।** मिनी माता की पुण्यतिथि पर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके व्यक्तित्व तथा उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों का स्मरण किया गया। कार्यक्रम मे मिनी माता के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी ने कहा कि अविभाजित छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनी माता का जीवन संघर्ष भरा रहा,उनका सारा जीवन भारत की जनता को समर्पित रहा। बालिका व स्त्री शिक्षा ,सामाजिक कुरीतियों को दूर करने,मजदूरों के उत्थान आदि कार्यो मे उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा ।मिनी माता को छत्तीसगढ़ मे माता के नाम से जाना जाता है क्योंकि उन्होंने हमेशा लोगों की देखभाल की और उनके कल्याण के लिए काम किया उनका जीवन प्रेरणादायक है । कार्यक्रम मे लुकेश वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण बेमेतरा ,राजेश नवरंगे,पोषण वर्मा ने भी अपने विचार रखे । इस अवसर ललित विश्वकर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी,मनोज शर्मा ,रीता पांडेय,रश्मि मिश्रा ,नारी छाबड़ा,रुबी सलूजा,तोकेश्वर साहू, प्रकाश ठाकुर ,नीलम टंडन ,राघवेंद्र मनु,लक्ष्मी डेहरे, रामसजीवन टंडन,जया साहू, हेमिन यादव ,सहोदरा नवरंगे, मथुरा साहू,अनुपमा मार्कण्डेय, अन्नू मिर्झ,संगीता नवरंगे,पोषण वर्मा, प्रमोद ,मिलिंद, विधि, आंचल, सुप्रिया, अनीता, सीता, हेमा, मेघनाथ,शेखर, जगतारण सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस जन ,वार्डवासी और महाविद्यालयीन छात्र छात्राएं मौजूद रहे.।

# मेडिकल स्टोर से 70 लाख का गबन, कर्मी ने रकम को आईपीएल सट्टे में लगाया, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मेड़िकल स्टोर्स के कर्मी ने करोड़ों रुपए का गबन कर उस रकम को आईपीएल सट्टे में लगा दिया। मामला संज्ञान में आने के बाद आरोपी के खिलाफ मेडिकल स्टोर के संचालक ने मामला दर्ज कराया। मोहन नगर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शंकर नगर दुर्ग में स्थित अविनाश मेडिकल स्टोर्स के संचालक अविनाश अग्रवाल के पास नरेंद्र सिंह राजपूत उर्फ राजू नाम का युवक पिछले

## मोहन नगर पुलिस कर रही है जांच

25 सालों से काम करता था। उसने धीरे धीरे करके मेडिकल स्टोर से 70 लाख रुपये की हेराफेरी की और उस रकम को सट्टे में उड़ा दिया। अविनाश ने बताया कि उसका थोक की दवा का कारोबार है। प्रदेश भर में वो दवा की सप्लाई करता है। नरेन्द्र दवाओं की राशि दवा दुकानदारों से वसूल कर दुकान में जमा करता था।

अकाउंट का काम भी वही देखता था। जब संचालक को शंका हुई की हिसाब में गड़बड़ है तो उसे उसे बारीकी से चेक किया। उससे पता चला कि आरोपी राजू दुर्ग-भिलाई के कई दवा दुकानदारों से दवा विक्रय की राशि लेता था, लेकिन मालिक को हिसाब नहीं देता था। जांच करने पर पता चला की आरोपी नरेन्द्र ने 5-6 सालों से बड़ी राशि जमा नहीं की। पूरा हिसा करने पर पता चला कि उसने 70 लाख रुपए की राशि गबन की है। जब नरेन्द्र सिंह राजपूत से पूछताछ की गई तो उसने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने पूरी राशि आईपीएल सट्टे में लगा दिया। उसके बाद वो वहां से मौका देखकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# एथलेटिक खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




ओलंपियन नीरज चोपड़ा के नाम से जैवलिन डे का आयोजन बीएसपी एथलेटिक क्लब और जिला एथलेटिक एसोसिएशन दुर्ग के सं तत्वावधान में दशहरा मैदान रिसाली में किया गया। प्रतियोगिता में अंडर 14 अंडर 16 अंडर 18 अंडर 20 बालक एवं बालिका दोनों ही वर्गों के प्रतिभागियों के लिए आयोजित हुई। जिला स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता में सभी वर्गों में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के कुल 192 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज करायी। मुख्य अतिथि ओलंपियन व बीएसपी के डीजीएम राजेंद्र प्रसाद और विशेष अतिथि रिसाली नगर निगम के सभापति केशव बंछोर तथा बीएसपी एथलेटिक क्लब व ओए के महासचिव परविंदर सिंह और सिमरन साहू, सुनील नायर, विनोद नायर, रवि राजा दुर्ग जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सेक्रेटरी, शिव भंडारी अनिरुद्ध उमेश निर्मलकर, बालक दास, दीपक पटेल, जतेश नायर, वर्षा, रजनीश सिंह, सुधीर यादव, राजकुमार ठाकुर, रोहित साहू, ज्ञान सिंह, भागवत नेताम, सुरेश पोसारिया, किशन, एनके मानिकपुरी, हरभजन उपस्थिति थे। परविंदर सिंह ग्रेवाल ने कहा कि आने वाले समय में खिलाड़ियो के प्रशिक्षण को लेकर व्यापक रूप से व्यवस्था बनाई जाएगी। उन्होंने भाग लेने आए 192 खिलाड़ियों से कहा कि जिस तरह नीरज चोपड़ा ने अंतर राष्ट्रीय स्तर पर 87.58 मीटर का जैवलिन थ्रो करके देश को टोकियो ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाया था ठीक उसी तरह आपको भी अनुशासन में रहते हुए उतनी कड़ी मेहनत करनी है।

## आरटीई में दो चरणों के बाद 550 सीटें हैं खाली

# मनमाफिक निजी स्कूल नहीं मिला तो आरटीई चयनित 250 बच्चों ने नहीं लिया इस बार दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार आरटीई में गरीब वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला देने की प्रक्रिया चल रही है। प्रवेश देने के दो चरण पूरे हो गए हैं लेकिन 250 बच्चे ऐसे हैं जिनका चयन आरटीई में हो गया लेकिन इसलिए दाखिला नहीं लिया कि उन्हे मनमाफिक निजी स्कूल नहीं मिला। इसकी वजह से आरटीई में इस बार अभी तक 550 सीटें खाली है। यदि ये बच्चे प्रवेश लेते तो महज 300 सीटें ही बचती। हालांकि इन रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए तीसरा चरण भी शुरू किया जाएगा।



### जिले में इस बार 4265 सीटें

दुर्ग जिले में आरटीई के तहत गरीब वर्ग के बच्चों के लिए इस शैक्षणिक सत्र में 4265 सीटें तय हुई है। इन सीटों के विरूद्ध 3098 बच्चों का प्रथम चरण में चयन हुआ। 31 जुलाई से दूसरे चरण के लिए 849 बच्चों का चयन हुआ है। 14 अगस्त तक इन चयनित बच्चों को प्रवेश लेना है। रिक्त सीटों पर के लिए फिर से आवेदन मंगवाए जाएंगे और दाखिले की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### आरटीई फर्जीवाड़ा से भी सीटें रिक्त, जांच है जारी

आरटीई फर्जीवाड़ा की जांच चल रही है। हाईकोर्ट में भी फर्जीवाड़े मामले की सुनवाई चल रही है। जाली दस्तावेजों के आधार पर प्रवेश लेने का मामला भी तूल पकड़ा हुआ है। फर्जी राशनकार्ड, माता-पिता की जगह अपने दादा-दादी के नाम वाले राशनकार्ड पर प्रवेश जैसे मामले में भी जांच चल रही है। जांच और कार्रवाई से घबराए पालकों द्वारा भी इस बार चयन के बाद भी अपने बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश करने से रोका गया है। इसलिए भी कई स्कूलों में सीटें खाली रह गई है।

# बच्चे और युवा मोबाइल के एडिक्ट, नुक्कड़ नाटक में दिखाया नशामुक्त समाज का निर्माण

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ और स्कूल शिक्षा विभाग दुर्ग के द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध नशा मुक्ति के लिए विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्कूल तथा महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउड गाईड के विद्यार्थियों सहित अधिकारी, कर्मचारी सहित 400 से अधिक संख्या में लोगो ने हिस्सा लिया। रैली के बाद अलग-अलग महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

नाटक के माध्यम से बच्चों और को मोबाइल रुपी नशे सहित अन्य सभी प्रकार के नशे से मुक्त रहने का संदेश लोगो तक पहुंचाया। यह आयोजन नशा मुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस जागरूकता रैली के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलपति प्रो. संजय तिवारी उपस्थित थे। स्कूल शिक्षा विभाग दुर्ग के ज्वाइन डायरेक्टर के आर. एल ठाकुर और जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा और हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप उपस्थित थे।



### युवा देश का भविष्य, उनका स्वस्थ रहना देश के विकास के लिए जरूरी

राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउड गाईड के विद्यार्थियों द्वारा सभी अतिथियों का एन.एस.एस. बैज और तिलक लगाकर तथा रक्षा सूत्र बांधकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ तन, मन, धन के लिए नशा मुक्त समाज बहुत आवश्यक है, आज हमारे समाज का एक बड़ा वर्ग नशे में लिप्त है। नशा मुक्ति जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्त समाज का निर्माण करना है, जहां हर व्यक्ति स्वस्थ एवं खुशहाल जीवनयापन कर सके। हमारा युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में है, युवा देश का भविष्य होते हैं और उनका स्वस्थ रहना देश के विकास के लिए आवश्यक है। हमें घर-घर यह संदेश पहुंचाना होगा कि यदि अपने घर परिवार, समाज और राष्ट्र को बचाना हैं तो नशा मुक्ति के लिए निरंतर प्रयास करना होगा।

## खबर संक्षेप

### राशि वापस जमा करने नोटिस जारी

**डोंगरगढ़।** पूर्व शाला भवन बेलगांव के जीर्णोद्धार के लिए स्वीकृत राशि में से एक किश्त का आहरण करने के बाद भी कार्य नहीं कराने पर राशि जमा करने नोटिस जारी किया गया है। राशि आहरण उपरांत कार्य नहीं कराने की खबर प्रमुखता से हरिभूमि में प्रकाशित किया गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद निकाली गई राशि वापस करने विभाग ने नोटिस जारी किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत वर्ष 2023-24 के तीन लाख बीस हजार रूपए स्वीकृत हुए थे। सरपंच ने निर्माण प्रारंभ करने के लिए एक लाख पचास हजार का आहरण कर लिया था किन्तु अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया है। निर्माण प्रारंभ नहीं होने और बच्चों की परेशानी से अवगत कराते हुए ग्रामीणों ने शिकायत अधिकारियों से किया था। जानकारी के अनुसार जनपद सीईओ ने ग्राम पंचायत कोलेन्द्रा की तत्कालीन सरपंच लच्छनी बाई को नोटिस जारी कर आहरित राशि वापस करने कहा है।

### नंबर प्लेट बदलने लगा शिविर

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति एवं चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में परिवहन विभाग के सहयोग से कार एवं मोटर साइकिल का नंबर प्लेट बदलने दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 400 वाहन मालिकों का रजिस्ट्रेशन किया गया। कुल 352 हितग्रहियों का सफलता पूर्वक नया नंबर प्लेट का रजिस्ट्रेशन किया गया। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, चंद्रप्रकाश मिश्रा, अनिल गट्टानी, पीतांबर स्वामी, महेन्द्र परिहार, बबलू शांडिल्य, नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल, महेंद्र भाई पटेल, योगश अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, प्रकाश बिंदल, गौतमचंद चोपड़ा, संजीव गोमास्ता, चेंबर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### मूर्ति को असामाजिक तत्वों ने किया खंडित

**डोंगरगढ़।** अछोली स्थित सुदर्शन गिरी पर्वत जिसे सुदर्शन बाल्मीकि समाज का तीर्थ स्थल माना जाता हैं। यहां स्थापित महाऋषि बाल्मीकि और संत सुदर्शन महाराज की मूर्ति को अज्ञात असामाजिक तत्वों ने खंडित कर दिया है। इस घटना से सुदर्शन वाल्मिकी समाज के लोगों में रोष देखा जा रहा है। समाजसेवी तरुण हथेल ने बताया कि 10 अगस्त को उनके चाचा अपने दामाद और बेटी के साथ दिव्य स्थान गए तो देखा कि मूर्ति क्षतिग्रस्त है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।

### 15 बुनकरों को किया सम्मानित

**अंबागढ़ चौकी।** हाथकरघा बुनकर समुदाय के सम्मान और भारत की सांस्कृतिक विरासत और भारतीय अर्थव्यवस्था में इस क्षेत्र के योगदान को उजागर करने के लिए हर वर्ष 7 अगस्त को राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में दंतेश्वरी बुनकर सहकारी समिति मर्यादित सोनसायटोला में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजीव शाह थे। अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने की। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं छत्तीसगढ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ।

# भादो में कृष्ण जन्माष्टमी सहित गणेशोत्सव की रहेगी धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सावन पूर्णिमा के बाद भादो माह का आगाज 10 अगस्त से प्रारंभ हो चुका है, यह महिना जहां श्री कृष्ण भक्ति के लिए होगी वही श्रीगणेश महोत्सव का होगा। इस माह लगातार पर्वों का क्रम है जिसे लेकर हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भक्ति का माहौल रहेगा। ज्ञात हो कि सावन माह में भगवान शिव भक्ति का वातावरण था, मंदिर से लेकर नदी तालाबों में कांवड़ियों की उपस्थिति बनी हुई थी।

सावन पूर्णिमा रक्षाबंधन पर्व के बाद अब 10 अगस्त से भादो माह का आगाज हो चुका है। इस दौरान शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में पर्वों की खुशियां देखते ही बनेगी। राखी पर्व से शुरू हुआ बाजार में चहल पहल पूरे भादो माह रहेगा। साज सजावट की सामग्रियों के अलावा मूर्तिया एवं पूजा सामग्रियों की जहां दुकान सजेगी वही शहर सहित ग्रामीण इलाकों से बडी संख्या में लोग खरीदारी करने के लिए पहुंचेंगे।

शहरी सहित ग्रामीण बाजार में चहल पहल का दौर रहेगा। आम लोगो सहित व्यापारियों की भी व्यस्तता रहेगी। श्रद्धा भक्ति से परिपूर्ण भादो माह में हर्षोल्लास का माहौल होगा। वर्तमान में बाजार में हलषष्ठी, कमरछठ पर्व को लेकर पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है। जिसकी खरीदारी करने भी लोग जुटे हुए है।

## श्रद्धा भक्ति का रहेगा माहौल, खरीदारी में लोग जुटे लोग

### माह भर श्रद्धा भक्ति का माहौल

पंचांग के अनुसार भादो माह का समापन 7 सितंबर को होगा। इस माह विशेष कर भगवान श्रीकृष्ण एवं श्रीगणेश की पूजा अर्चना होती है। इसके अलावा अन्य कई व्रत त्योहारों का क्रम रहेगा। 12 अगस्त को कजली जीत, बहुला चतुर्थी, संकट चतुर्थी व्रत, 14 को हलषष्ठी, कमरछठ, 16 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 19 को मंगलवार एकादशी व्रत, 20 को बुधवार प्रदोष व्रत, 21 को गुरुवार मास शिवरात्रि व्रत, 23 को पोला, 26 को हरतालिका व्रत, 27 को श्री गणेश चतुर्थी, 28 को ऋषि पंचमी पर्व मनाया जायेगा।

### महोत्सव पर दिखेगा साज सजावट

लगातार पर्वों को देखते हुए अंचल के मूर्तिकारों ने भगवान श्रीकृष्ण राधा की मूर्तियां एवं भगवान श्रीगणेश की मूर्तियां बनानी शुरू कर दी है। मूर्तियों को इन दिनों पूर्ण रूप देने का कार्य भी दिन रात शुरू कर दिया गया है। श्रीकृष्ण। जन्माष्टमी के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग अपने अपने घरों में कान्हा भगवान श्री कृष्ण की मूर्तियां स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना करते है। एवं शोभायात्रा के साथ ही मूर्तियों का विसर्जन किया जाता है। वहीं विभिन्न। सभा समितियों एवं लोगों के द्वारा भगवान श्री गणेश की। प्रतिमा सार्वजनिक रूप से व घर घर में विराजित कर विधि | विधान से 10 दिन पूजा अर्चना की जाती है। पर्व के दौरान शहर सहित ग्रामीण इलाको में आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ साथ सांस्कृतिक आयोजनों की धूम रहेगी।

## पर्व : थाना प्रभारी ने महिलाओं की रक्षा का लिया संकल्प

# स्व सहायता समूह की बहनों ने अधिकारियों और जवानों को बांधी राखी, लगाया मंगलटीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया





नगर की महिला स्व. सहायता समूह की बहनों ने रक्षाबंधन पर्व पर तहसील ऑफिस, थाना में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम तहसीलदार मोरध्वज साहू, प्रदीप तिवारी नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी द्वारका प्रसाद देश लहरें जी को तिलक लगाया। आरती उतारी, मिठाई खिलाई और राखी बांधी। तहसीलदार मोरध्वज साहू ने भावुक होकर समूह की बहनों को जीवन में अपने कार्य में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

इसके पश्चात थाना प्रभारी देश लहरे ने समूह की महिलाओं सहित सभी महिलाओं की रक्षा का संकल्प लिया। आगे महिला स्व. सहायता समूह कर्मियों ने जवानों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र व सुख समृद्धि की शुभकामना दी। उनके साहस, समर्पण और राष्ट्र सेवा के प्रति अपना गहरा सम्मान भी व्यक्त किया। इस मौके पर सरोज सिन्हा, संतोषी कुंभकार ने कहा कि जब देश की सीमाएं सुरक्षित है। तभी घर आंगन में शांति और खुशहाली है। इसके लिए वह सदैव इन वीर जवानों की आभारी रहेंगी। इस अवसर पर अनिल सिंघानिया, प्रमोद सिंघानिया, किशन दास मानिकपुरी, विजय वैष्णव, लोकेश साहू, स्वाति ध्रुव, वर्षा राजपूत, जगतारण नारंग, प्रधान आरक्षक अजय लहरें, प्रधान आरक्षक बलदेव निषाद उपस्थित थे।

### प्राथमिक स्कूल में मनाया रक्षाबंधन पर्व



**बेमेतरा/नारायणपुर।** ग्राम पंचायत नारायणपुर के शासकीय प्राथमिक शाला का रक्षाबंधन महोत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। जहां विद्यालय की बहनों ने प्रेम, श्रद्धा और शुभ संकल्पों के साथ भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र (राखी) बांधा। जहां शाला के प्रधान पाठक श्रीमती कल्याणी साहू ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि भविष्य पुराण के अनुसार सावन पूर्णिमा पर धारण किया गया रक्षा सूत्र रोग एवं अशुभ कार्यों का नाश कर मनुष्य को वर्ष भर रक्षा प्रदान करता है, इसी भावना के साथ बहनों ने भाइयों के ललाट पर तिलक लगाकर मिष्ठान का वितरण कर उनके उत्तम संयमी एवं संस्कारी जीवन की मंगल कामना की। कार्यक्रम में वैदिक परंपरा भाई बहन के पावन रिश्ते की मर्यादा और समाज में संयम व सदाचार के प्रसार का संदेश दिया गया। बहनों ने यह संकल्प दिलाया कि पडोस की बहनें भी अपनी बहन है और उसकी सुरक्षा करना हर भाई का धर्म है धर्म है। रक्षाबंधन पर्व पर श्रवण कुमार की सेवा भावना और माता पिता के प्रति कर्तव्यनिष्ठा का स्मरण कराया गया, ताकि नई पीढ़ी में संस्कारों का संचार हो। इस अवसर पर विघालय की सभी शिक्षिकाए प्राचार्य कल्याणी साहू, शिक्षक कुंजलाल जायसवाल, नीरज कोशले सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

### चोरभट्टी स्कूल में रक्षाबंधन व भोजली उत्सव का आयोजन किया

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला चोरभट्टी विकासखंड साजा में रक्षा बंधन एवं भोजली उत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी बच्चों ने एक दूसरे की कलाई में राखी बांध कर रक्षा का संकल्प लिया। तत्पश्चात घर से बनाकर लाई गई। राखी का प्रतियोगिता रखा गया जिसमें नमन वर्मा की राखी को प्रथम स्थान मिला। अंजली वर्मा को द्वितीय स्थान मिला। इसके पश्चात भोजली पर्व का आयोजन किया। जिसमें भोजली पर्व का स्थानीय कृषि प्रकृति से जुड़े महत्व को एवं भोजली मित्रता के पर्व को बताया गया। भोजली में भी सबसे अच्छी भोजली किसकी उगी, इसका आयोजन किया गया था। जिसमें कपिल कक्षा पांचवी प्रथम आया। सोहम कक्षा पांचवी द्वितीय आया, और प्रतीक कक्षा चौथी तीसरा स्थान प्राप्त किया सभी बच्चो को स्वतंत्रता दिवस के दिन स्मान्नित किया जाएगा। तत्पश्चात संस्था के प्रधान पाठक कोमल सिन्हा ने बच्चों को सहभगिता के और अच्छे से इसी तरह प्रयास करने की बात कही। देवराम साहू ने सभी छात्र छात्राओ को प्रोत्साहित किया। शिक्षक आशुतोष चौबे की भी उक्त आयोजन में सहभागिता रही।




# 10वीं-12वीं की मेधावी छात्रों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में रविवार को अलंकरण एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। साथ ही, स्कूल के विभिन्न हाउस लीडर्स को भी बैज देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर की गई। स्कूल की प्राचार्या डॉ. अलका तिवारी ने स्वागत भाषण दिया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा और शिक्षाविद डॉ. अवधेश पटेल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विधायक दीपेश साहू ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, लगन और निरंतरता बहुत जरूरी है।

इस समारोह में कई छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया, जिनमें से कुछ प्रमुख नाम इस प्रकार हैं विभोर वर्मा कक्षा 10वीं में 98.33% अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य में छठवां स्थान हासिल किया। कृष्ण कुमार यादव 96%, चंचल ठाकुर 95%, श्रेयांश सिंह ठाकुर 94%, भूपेश साहू 93.83%, हर्षवर्धन सिंह 93.67%, उमंग खनूजा 93%, कक्षा 12वीं से श्रिति सिंह चंदेल (गणित में 91.6%), वीणा साहू (जीव विज्ञान में 90.4%), पूनम वर्मा (कला में 87.8%) और शिखा शुक्ला (कॉमर्स में 87.8%) को भी सम्मानित किया गया।

### नए छात्र प्रतिनिधियों का चयन

इस अवसर पर स्कूल के नए छात्र प्रतिनिधियों को भी उनके पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इनमें शांतनु शर्मा (स्कूल हेड बॉय), श्रेजल धुर्वे (स्कूल हेड गर्ल्स), हर्ष साहू (वाइस हेड बॉय), निष्ठा पांडे (वाइस हेड गर्ल्स), आदित्य वर्मा और शुभी नामदेव (अनुशासन प्रमुख) शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और शिक्षक मौजूद रहे।

# मिनी माता की 53 वीं पुण्यतिथि मनाकर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- मिनी माता गरीब, असहाय पीड़ित व्यक्तियों की मदद में जीवन बिताई : लहरे

सतनामी समाज कल्याण एवं विकास समिति ने सोमवार शहर के रायपुर रोड स्थित सतनाम भवन में छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद, ममतामई मिनी माता की 53 वीं पुण्यतिथि तहसीलदार राजा राम लहरे, नायब तहसीलदार उमेश लहरी, समाज के अध्यक्ष आगर दास डेहरे, समाज के संरक्षक टी आर जनार्दन, सेवानिवृत अधिकारी वाय के डिंडोरे सहित अन्य पदाधिकारियों व सामाजिक जनो की मौजूदगी में मनाते हुए उनके कार्यों का स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अपने उद्बोधन में तहसीलदार राजा राम लहरे ने कहा कि ममतामई मिनी माता सदैव समाज के साथ साथ अन्य समाज के गरीब, असहाय तथा पीड़ित व्यक्तियों की हरसंभव मदद करती रही है।

हमे भी उनसे प्रेरणा लेकर मदद करना चाहिए। नायब तहसीलदार उमेश लहरी नायब ने मिनी माता के अस्पृश्यता निवारण कानून के लिए किए गए योगदान को याद, किया और कहा कि माता जी के कारण ही हम सब एक मंच पर बैठ पाने में सक्षम हो पाये है। समाज के संरक्षक टी आर जनार्दन ने मिनी माता जी के जीवन को नारी सशक्तिकरण के लिए समर्पित बताया। वाय के डिंडोरे ने कहा कि समाज के लोगों को आपस में बैठकर आपसी तालमेल, सहयोग की भावना विकसित कर ऊपर उठाया जा सकता है।

समिति के अध्यक्ष आगर दास डेहरे ने कहा कि गुरूमाता ममतामई मिनी माता जी के जीवन आदर्श हमारे समाज के महिलाओं के लिए एक प्रेरणादाई जीवन रहा है।उनसे हर क्षेत्र में सिखने को मिलता है।इस अवसर पर समिति के सचिव खेमसिंह बारले ने कहा कि समाज के हर वर्ग के कर्मचारी, अधिकारी अपने समाज के लोगों के लिए अपने व्यस्तम समय से क्षणिक समय निकाले तो समाज आगे तरक्की कर सकता है। उन्होंने आए हुए अतिथियों व लोगों का आभार प्रकट किया और कहा कि भविष्य में मिनी माता जी के 11 अगस्त के पुण्यतिथि को अवकाश घोषित करने की मांग शासन से सामाजिक तौर पर किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम के अवसर पर टी आर जनार्दन,आगर दास डेहरे,पी आर पाटले,एन के डिंडोरे, खेमसिंह बारले,वाय के डिंडोरे,खिलावन जांगड़े, मूलचंद बंजारे, रामकुमार भारती, डॉ पवन कुमार घृतलहरे, ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे,रामकुमार टण्डन,शांति लाल बांधे,उमेंद भारती,राजेश कुमार नवरंगे,लखन गेंड्रे, रोहित बारले,भावसिंग जनार्दन,ओकेश कांत टोण्ड्रे उपस्थित रहे ।

# अखंड ब्राह्मण समाज की महिला इकाई का तीज मिलन सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- महिलाओं ने संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

अखंड ब्राह्मण समाज महिला इकाई बेमेतरा का तीज मिलन समारोह रविवार शहर के निजी होटल में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने संगठन को मजबूत करने और समाज में अपना उत्कृष्ट योगदान देने का संकल्प लिया। इस मौके पर संगठन की नई पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत में श्वेता तिवारी ने मनोरंजक खेल खिलाए, जिसमें रोचक व हास्यपूर्ण प्रतियोगिताओं के विजेताओं का चयन किया गया। रश्मि शर्मा ने अपनी सुरीली आवाज में भावपूर्ण गीत प्रस्तुत कर माहौल को खुशनुमा बना दिया। विजेताओं को प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्रदान किए गए। सुहागिन महिलाओं को चूड़ी और बिंदी देकर सम्मानित किया गया तथा तीज महोत्सव पर अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद प्रदान किया गया। समारोह में शारदा तिवारी, उमा तिवारी, अलका तिवारी, करुणा तिवारी, अन्नपूर्णा दुबे, उषा तिवारी, शशिकिरण तिवारी, कमलेश तिवारी, सरोज चौबे, वीणा शर्मा, नीलिमा तिवारी, निवेदिता तिवारी, अरुणिता दीवान, मीनाक्षी शर्मा सहित समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।




बेरला के कोहड़िया में प्रस्तावित स्पंज आयरन फैक्ट्री का कांग्रेस करेगी पुरजोर विरोध

# विधानसभा क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग नहीं लगने दिए जाएंगे : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बेरला विकासखंड के ग्राम कोहड़िया में प्रस्तावित स्पंज आयरन फैक्ट्री का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस पार्टी इस क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योगों का समर्थन करती है, न कि प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों का। आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान भी इस तरह के उद्योग लगाने की कोशिश हुई थी, लेकिन सरकार ने उसे रोक दिया था। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि चुनाव से पहले अपने घोषणापत्र में प्रदूषण मुक्त उद्योगों का वादा करने के बाद, अब वे सत्ता में आते ही प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्री लगाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा की यही है मोदी की गारंटी जनता से किए वादे भूल जाओ और उद्योगपतियों से किए वादे निभाओ।

### प्रदूषण और स्वास्थ्य पर खतरा



पूर्व विधायक ने स्पंज आयरन फैक्ट्री से होने वाले संभावित खतरों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इन फैक्ट्रियों से निकलने वाली जहरीली गैसें, जैसे कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर और सिलिका, न केवल हवा को प्रदूषित करेंगी बल्कि इससे क्षेत्र के लोगों में खांसी, सांस लेने में तकलीफ और फेफड़ों से जुड़ी अन्य बीमारियां भी बढ़ेंगी। उन्होंने जल प्रदूषण की समस्या पर भी चिंता व्यक्त की। उनके अनुसार, प्लांट से निकलने वाला दूषित पानी आसपास के जलाशयों और नदियों को प्रदूषित करेगा, जिससे जल जीवों और मनुष्यों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब बेमेतरा में पहले से ही स्वास्थ्य सेवाओं की कमी है, ऐसे में इन उद्योगों के खुलने से लोगों का जीना मुश्किल हो जाएगा।

### कृषि और अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव

आशीष छाबड़ा ने कहा कि स्पंज आयरन प्लांट के आसपास की कृषि भूमि और पानी के स्रोत प्रदूषित हो जाएंगे, जिससे किसानों की फसलें खराब होंगी और उनकी आजीविका पर बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने भाजपा नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जो नेता पहले इस तरह के उद्योगों का विरोध करते थे, वे आज पैसों के लिए चुप बैठे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और इस फैक्ट्री को रोकने के लिए बड़ा जन आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा, /"हमें बेमेतरा की मिट्टी से लगाव है और इसके लिए अपनी जान भी देनी पड़े तो पीछे नहीं हटेंगे। 21 अगस्त को ग्राम कोहड़िया में होने वाली जनसुनवाई शिविर में कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाएगी।

